Minister of Parliamentary Affairs, Minister of Coal and Minister of Mines made special mention regarding a statement given by Congress MP to media

माननीय अध्यक्ष **:** जोशी जी, क्या आप कुछ बोलना चाहते हैं?

संसदीय कार्य मंत्री**;** कोयला मंत्री तथा खान मंत्री **(**श्री प्रहलाद जोशी**):** माननीय अध्यक्ष जी, कल कांग्रेस के इसी सदन के सदस्य, जो कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री के भाई भी हैं, श्री डी.के. सुरेश ने मीडिया के सामने एक स्टेटमेंट दी है और स्टेटमेंट देते हुए देश के विभाजन की बात कही है । ? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष जी, उन्होंने इस रेवेन्यू और बजट एलोकेशन का झूठा बेस बनाते हुए देश के विभाजन की जो बात कही है, मैं इसकी घोर निंदा करता हूं और खंडन करता हूं । ? (व्यवधान) कांग्रेस के नेता ने संविधान का भी अपमान किया है । देश के विभाजन को लेकर कांग्रेस की परंपरा अभी भी बरकरार है । ? (व्यवधान)

मैं मानता हूं कि कांग्रेस पार्टी को इस विषय का स्पष्टीकरण करना चाहिए और देश से माफी मांगनी चाहिए क्योंकि संविधान का जो आश्रय है उसका घोर अपमान किया गया है । ? (व्यवधान)

मैं अध्यक्ष जी से मांग करता हूं और निवेदन करता हूं कि जिस संविधान के तहत हम सब लोग शपथ लेते हैं, उस संविधान का अपमान किया गया है, घोर अपमान किया गया है, इसलिए कृपया आप इस विषय को एथिक्स कमेटी में भेजिए । ? (व्यवधान)

मैं कांग्रेस को पूछना चाहता हूं कि आपका रुख क्या है? आपका रवैया क्या है? क्या आप इस स्टेटमेंट के साथ हैं? अगर आप इसके साथ नहीं हैं तो मैं मानता हूं कि कांग्रेस को उनके ऊपर एक्शन लेना चाहिए । ? (व्यवधान)

जिन्होंने अपमान किया गया है, उसके ऊपर एक्शन लेना चाहिए और कांग्रेस को इसके बारे में माफी मांगनी चाहिए ।? (व्यवधान) देश तोड़ने की बात कभी-भी देश स्वीकार नहीं करता । उन्होंने दक्षिण भारत के एक सैपरेट देश की मांग की है । ? (व्यवधान) मैं बोलना चाहता हूं कि मैं भी दक्षिण भारत से आता हूं । जय शंकर जी भी इधर बैठे हैं, वह भी दक्षिण भारत से आते हैं । हम भारत की अखंडता में पूरी निष्ठा रखते हैं, इसमें कोई सवाल ही नहीं है । ? (व्यवधान) पूरा देश एक है, यह हम मानते हैं । ? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष जी, मैं सोनिया गांधी जी से मांग करता हूं कि उनको एक्शन लेना चाहिए और माफी मांगनी चाहिए । ? (व्यवधान) मैं बार-बार यही आग्रह करता हूं कि जो शपथ ली है, उसका उल्लंघन हुआ है । ? (व्यवधान)

डॉ. बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर रचित संविधान के तहत हम और सब लोग जो शपथ लेते हैं, एक तरफ उस शपथ का अपमान किया गया है और दूसरी तरफ बाबा साहब अम्बेडकर जी का भी अपमान किया गया है ।? (व्यवधान) मैं आपसे निवेदन करता हूं कि इस विषय को एथिक्स कमेटी में भेजिए ।? (व्यवधान)

दूसरी बात, मैं कांग्रेस को पूछना चाहता हूं । ? (व्यवधान) बालू जी आप क्यों उठ गए हैं? ? (व्यवधान) मैं कांग्रेस से आग्रह करता हूं कि उनके ऊपर एक्शन लेना चाहिए ।

अगर ऐक्शन नहीं लेते हैं, तो देश यह मानेगा कि ये लोग भी देश के टुकड़े-टुकड़े करने में लगे हुए हैं । ? (व्यवधान) अत: मैं सोनिया गांधी जी से आग्रहपूर्वक डिमांड रखता हूं कि ऐक्शन लिया जाए और माफी मांगनी चाहिए । यह मेरा आग्रह है । ? (व्यवधान) _

12.05 hrs